

# याचना नहीं अब रण होगा

## छतरपुर में किसानों का बड़ा आंदोलन, निकाली रैली

**छतरपुर , 20 मार्च. जिले में किसानों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आया, जब जय किसान संगठन की ओर से आयोजित किसान महापंचायत में हजारों किसानों ने भाग लिया. नवरात्रि के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण इस आंदोलन में शामिल हुए, जिससे इसकी गंभीरता साफ नजर आई.**

- हजारों किसानों की महापंचायत
- केन-बेतवा परियोजना पर उठे सवाल
- मुआवजा और विस्थापन को लेकर नाराजगी

**प्रमुख मांगें**

- जबरन विस्थापन पर तत्काल रोक
- मुआवजा प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच
- दोषियों पर सख्त कार्रवाई
- प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास

मंच से बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कहा, 'अब याचना नहीं, रण होगा.' उन्होंने इसे किसानों के सम्मान और जमीन बचाने की निर्णायक लड़ाई बताया. महापंचायत के बाद श्री हरी वाटिका से विशाल आक्रोश रैली निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसपी कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने जोरदार नारेबाजी की.

किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल एसपी आदित्य पटेल को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में केन-बेतवा लिंक परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं में विस्थापन और मुआवजे में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए गए. झकिसानों का कहना है कि भू-अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लंघन हो रहा है और बिना उचित मुआवजा दिए उनकी फसलें और मकान प्रभावित किए जा रहे हैं. महापंचायत में कई किसानों ने अपनी समस्याएं और दर्द साझा किया. किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा.

# नौगांव पहुंचे अजय सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

## कार्यकर्ताओं से मिल संगठन पर की चर्चा, प्रदेश में कांग्रेस सरकार का जताया भरोसा

**छतरपुर, 20 मार्च. नौगांव में बीती शाम पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इस दौरान वे कांग्रेस नेता गगन यादव के निवास पहुंचे और उनके पिता स्वर्गीय मिश्रीलाल यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी.**

इसके बाद राहुल भैया कांग्रेस पार्षद सामंत सिंह 'शैलू राजा' के घर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रिका प्रकाशप्रसाद द्विवेदी के निवास पर भी पहुंचकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की.

- शोक संतप्त परिवार से मिलकर दी श्रद्धांजलि

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह राहुल भैया ने कहा कि वे लगातार बुंदेलखंड का दौरा कर रहे हैं, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है.



उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी.

इस मौके पर पूर्व विधायक भजन चतुर्वेदी, राजनगर के पूर्व विधायक नाती राजा, महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, जिला अध्यक्ष गगन यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे. वहीं नौगांव में पार्षद अरविंद यादव, कुलदीप यादव, विष्णु स्वरूप नायक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वेश तिवारी, कांग्रेस नेता संजय अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# जमीन विवाद में दिव्यांग युवक को पीटा

## नौगांव के बरठ गांव की घटना, वीडियो वायरल



**छतरपुर, 20 मार्च.** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के बरठ गांव में जमीन विवाद को लेकर एक दिव्यांग युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार, बरठ निवासी श्रीराम अहिरवार का गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था. इसी के चलते आरोपियों ने उसे घेरकर मारपीट की. युवक दोनों पैरों से दिव्यांग है और चलने-फिरने में असमर्थ है, इसके बावजूद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक पिटाई के बाद जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है. हमले में युवक को गंभीर चोटें आई हैं. उसे नौगांव सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है. डॉक्टरों के मुताबिक उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं और उसे निगरानी में रखा गया है.

थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे के अनुसार, फरियादी श्रीराम अहिरवार और जगदीश अहिरवार की शिकायत पर आरोपी प्रभु अहिरवार, रोशनी अहिरवार और रति अहिरवार के खिलाफ गाली-गलौच और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# चौक बाजार में सजा राम दरबार

**छतरपुर, 20 मार्च.** शहर के हृदय स्थल चौक बाजार में इन दिनों भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है. श्री राम दरबार सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी भगवान श्रीराम का भव्य दरबार सजाया गया है. रामनवमी के उपलक्ष्य में स्थापित इस दरबार में सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है.

समिति के अनुसार, प्रतिदिन रात्रि 8 बजे विशेष महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं. शंख और घंटों की गूंज के बीच पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना हुआ है. रामनवमी तक यहां धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी.

समिति के सदस्य चौबे चौधरी ने बताया कि आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि समाजसेवा को भी प्राथमिकता दी जा रही है. इसी कड़ी में 23 मार्च को दोपहर 2 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर में शहर के नागरिक स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे. समिति ने युवाओं और समाजसेवियों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानवता की सेवा में योगदान दें.

- भक्ति संग सेवा का अनोखा संगम
- रामनवमी तक जारी रहेंगे आयोजन

# दबिश देकर 18 .50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विदिशा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति पुरानी मंडी स्थित मंदिर के पास संदिग्ध हालत में बैठे हैं और उनके पास ब्राउन शुगर है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया .


# बनते ही टूट रहीं नालियां, ग्रामीण चिंतित

**300 करोड़ सड़क पर घोटाले आरोप**

**छतरपुर, 20 मार्च.** चंदला विधानसभा क्षेत्र में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क परियोजना अब गंभीर आरोपों में घिर गई है. निर्माण कार्य कर रही जीआरटीसी कंपनी पर घटिया निर्माण और अवैध खनन के आरोप लगाए जा रहे हैं.

- घटिया निर्माण, अवैध खनन पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में बनाई गई नालियां बनते ही दरकने लगी हैं. कई जगहों पर दरारें साफ दिखाई दे रही हैं, जबकि कुछ स्थानों पर छत भी टूटने की कगार पर है. ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है. निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. कई इलाकों में नालियां बनते ही क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये की लागत पर सवाल उठ रहे हैं. मामला यहीं तक सीमित नहीं है. कंपनी पर छठी बम्होरी, मुकुन्दपुर, चुरयारी, बछौन मार्ग, सराई, गदरीहार, लबराहा, पांडे पुरुवा, कंचनपुर और सिमरिया समेत कई गांवों में अवैध मुरम और मिट्टी खनन के आरोप भी लगे हैं. बताया जा रहा है कि तालाबों और पहाड़ियों से बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान और शासन को राजस्व हानि हो रही है.



ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है. इस बीच खनिज निरीक्षक प्रभा शर्मा का कहना है कि सरकारी कार्यों के लिए मुरम खनन में अलग से अनुमति या रॉयल्टी की आवश्यकता नहीं होती. अब बड़ा सवाल यह है कि क्या यह बहुकरोड़ परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है और प्रशासन कब कार्रवाई करेगा.



# बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल शुरू

## निर्माण पूजन के साथ नींव रखी गई, एस्सार ग्रुप बनाएगा

**छतरपुर, 20 मार्च. स्थित बागेश्वर धाम में बागेश्वर बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट रिसर्च सेंटर अस्पताल के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया. यह अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल एस्सार ग्रुप द्वारा बनाया जाएगा.**

निर्माण कार्य की शुरुआत के अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर प्रशांत रुइया अपनी टीम के साथ धाम पहुंचे. उन्होंने बागेश्वर बालाजी भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पूज्य महाराज जी से मुलाकात कर इस कार्य के लिए शुभकामनाएं प्राप्त कीं.

इसके बाद विधि-विधान से निर्माण पूजन संपन्न हुआ और अस्पताल की नींव रखी गई.

- 14 से 16 माह में तैयार करने का लक्ष्य
- बुंदेलखंड सहित प्रदेश के मरीजों को लाभ

अनुमान है कि यह अस्पताल 14 से 16 महीनों में पूरी तरह तैयार हो जाएगा. अस्पताल बनने के बाद बुंदेलखंड क्षेत्र सहित पूरे मध्य प्रदेश के लाखों मरीजों को आधुनिक कैंसर उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी. खासकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए यह परियोजना बड़ी राहत साबित होगी.

इस मौके पर बागेश्वर महाराज सहित कई संत, कंपनी की टीम, जेकेएस के डायरेक्टर पवन आहलूबालिया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. सभी ने परियोजना के शीघ्र और सफल पूर्ण होने की कामना की.

**बागेश्वर धाम में शक्ति साधना शुरू, नवरात्रि पर उमड़ा भक्तों का सैलाब**

जिले में स्थित बागेश्वर धाम में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा नौ दिवसीय विशेष शक्ति साधना का शुभारंभ किया गया है. इस आयोजन को लेकर देशभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में भक्त धाम पहुंच रहे हैं. बताया जा रहा है कि यह साधना सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार शक्ति उपासना को समर्पित है, जिसमें दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों के निवारण की कामना की जाती है. नौ दिनों तक चलने वाली इस साधना के दौरान नियमित दरबार का आयोजन केवल मंगलवार और शनिवार को ही किया जाएगा, जहां श्रद्धालु अपनी समस्याओं का समाधान और आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे.

# बस की टक्कर से महिला की मौत

**छतरपुर, 20 मार्च.जिले में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. ओरछा रोड थाना क्षेत्र के गोरगांय के पास करीब 1:30 बजे तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी.हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.**

- बेटा-बहू गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

मृतक महिला की पहचान सोना शिवहरे (पत्नी बालादीन शिवहरे) के रूप में हुई है. वहीं हादसे में उनका बेटा राजू शिवहरे और बहू पुनीता शिवहरे घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.



जानकारी के मुताबिक, तीनों बाइक से नौगांव जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों का इलाज जारी है. हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है.



# पुलिस कंट्रोल रूम उद्घाटित


**छतरपुर, 20 मार्च. नगर के पुलिस लाइन स्थित नए कंट्रोल रूम भवन का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया. उद्घाटन हिमानी खन्ना ने दोपहर करीब 1 बजे फीता काटकर किया.**

- आपात स्थिति में मिलेगी त्वरित मदद

इस मौके पर डीआईजी, एसपी सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा. अधिकारियों ने नए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली.

बताया जा रहा है कि नए कंट्रोल रूम के शुरू होने से पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी. इससे आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी और जिले में कानून-व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभाला जा सकेगा.

**नवरात्रि** | **मंदिर में भजन-कीर्तन और विशेष पूजन**



# खेरे की देवी मंदिर में गूंजे जयकारे

**नवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

**अखंड ज्योत जलाकर मां से मांगी मन्नत**

**छतरपुर, 20 मार्च. चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर छतरपुर शहर भक्ति में डूबा नजर आ रहा है. शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. खासकर खेरे की देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है. श्रद्धालु कतारों में लगकर मां मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं.**

मान्यता है कि खेरे की देवी मंदिर सदियों पुराना सिद्ध पीठ है और मां यहां नगर की रक्षा करती हैं. स्थानीय लोगों का विश्वास है कि मां की कृपा से छतरपुर सुरक्षित रहा है. मंदिर के पुजारी रज्जू महाराज के अनुसार, नवरात्रि में हजारों श्रद्धालु यहां अखंड ज्योत जलाकर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं. कई भक्त वर्षों से यहां ज्योत जला रहे हैं और अपनी मुरादें पूरी होने का विश्वास जताते हैं.

नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और माता का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है. श्रद्धालु लाल चुनरी, नारियल, फल और फूल अर्पित कर आशीर्वाद ले रहे हैं. पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और 'जय माता दी' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है.

**सुरक्षा में जुटा प्रशासन**

भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं. मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात है, साथ ही सुचारू दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं. श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है और सभी मां से सुख-शांति की कामना कर रहे हैं.

# अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, दो डंपर जब्त

**विदिशा.** अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर के निर्देशन में शुक्रवार को प्रभारी अधिकारी खनि शाखा एवं खनि निरीक्षक द्वारा खनिज अमले के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई तहसील क्षेत्र के ग्राम विलोरी में की गई, जहां अवैध रूप से पत्थरों का उत्खनन किया जा रहा था. मौके पर पहुंची टीम ने उत्खनन कर निकाले गए फर्शी पत्थरों को हथौड़ों की मदद से तोड़कर नष्ट कर दिया, ताकि उनका अवैध उपयोग न हो सके. इसके साथ ही उत्खनन में प्रयुक्त उपकरण जैसे हथौड़े, चेन्नी, सब्बल, गुनिया सहित अन्य सामग्री को जब्त कर लिया गया.

**सांची में हरित अभियान को रफ्तार**

# अगले वर्ष 4000 पौधरोपण का लक्ष्य

**नवभारत न्यूज**

**सांची 20 मार्च.** हरियाली बढ़ाने के लिए हरित अभियान को लगातार गति दी जा रही है. जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण एवं अमृत हरित महा अभियान के तहत नगर क्षेत्र में पौधरोपण कार्य तेज़ी से किया जा रहा है. भारत सरकार की अमृत योजना अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री पहल के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है.

इसी क्रम में पुरानिया तालाब स्थित नमो वाटिका का निरीक्षण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान मीडिया एक्सपर्ट श्रीमती रचना बेदी, ग्रीन स्पेस एक्सपर्ट श्रीमती रूपम मिश्रा सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम मौजूद रही. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार एवं महिला समूह की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं. निरीक्षण के दौरान पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और देखरेख को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए.. नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि आगामी वर्ष में 4000 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसके तहत नगर के विभिन्न वार्डों में चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण कर ग्रीन पार्क विकसित किए जाएंगे. सांची में पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.